भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 632**
**07 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए**

**पीएलआई योजना 1.1 की तुलना में पीएलआई योजना के दूसरे दौर के लाभ**

**632. श्री बृज लाल:**
**श्री जग्गेश:**
**श्री बाबू राम निषाद:**
क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दूसरे चरण में पहले चरण की तुलना में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं कि छोटी या मध्यम आकार की कंपनियों को भी पीएलआई योजना से लाभ मिले; और

(ग) पीएलआई योजना 1.1 का भारत के कुल इस्पात उत्पादन पर क्या प्रभाव पड़ने की अपेक्षा है और यह किस तरह से स्पेशियलिटी स्टील (विशेष इस्पात) के आयात को कम करने में योगदान देगी?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ग): विशेष इस्पात हेतु उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लिए आवंटित समग्र बजट के अंतर्गत दूसरा दौर दिनांक 06 जनवरी, 2025 को शुरू किया गया था। दूसरे दौर में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार पर ध्यान न देते हुए निम्नलिखित कदम उठाए गए है:-

I. पीएलआई योजना 1.1 हेतु समर्पित वेब पोर्टल की शुरूआत और मीडिया के द्वारा व्यापक प्रचार।
II. योजना में भाग लेने में रूचि दिखाने वाली कंपनियों के साथ लगातार वेबिनार आयोजित करना।
III. योजना में भागीदारी के नियमों को आसान बनाना, जैसे कि उन मामलें में 50% निवेश की अनुमति देना जहां कंपनियां अधिसूचित उप-श्रेणियों में भाग लेने हेतु मौजूदा सुविधाओं के विस्तार में निवेश करती है।

****